हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

06 महिलाएं समाज की रीढ़ की हड्डी हैं, बेटियों को पढ़ाएं और आगे बढ़ने के ...



09 आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में पोषण स्वास्थ्य एवं सम्मान का दिया संदेश



खबर संक्षेप

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का किया आयोजन



सीहोर। सेवा संकल्प अभियान के तहत कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिलेभर में ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। सभी जनपदों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में शिविरों में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य अमले द्वारा सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान सफाई मित्रों की ब्लड शुगर, हाई बीपी सहित सामान्य बीमारियों की जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार उन्हें निरूशुल्क दवाएं वितरित की गईं। शिविर के दौरान कई सफाई मित्रों को अपने ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर के स्तर की जानकारी पहली बार मिली। स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही चिकित्सकों ने उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा नियमित जांच कराने की सलाह दी। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य अमले द्वारा सफाई मित्रों को पौष्टिक आहार, नियमित दिनचर्या और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी गई।

नपा कर्मचारियों को एक महीने से नहीं मिला वेतन

सीहोर। नगर पालिका के कर्मचारियों को पिछले एक महीने से वेतन नहीं मिला है। वेतन नहीं मिलने से परेशान नियमित, दैनिक वेतनभोगी और आउटसोर्स कर्मचारियों ने सीएमओ सुधीर सिंह को ज्ञापन सौंपकर समय पर वेतन भुगतान की मांग की। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले एक साल से हर महीने वेतन भुगतान में देरी हो रही है। कर्मचारियों ने बताया कि वेतन समय पर नहीं मिलने से बैंक कर्ज की ईएमआई समय पर जमा नहीं हो पाती और पेनल्टी लग जाती है। बच्चों की फीस, घर के खर्च और दूसरी जरूरी जरूरतों पर भी असर पड़ रहा है। कर्मचारियों ने मांग की कि हर महीने 1 से 5 तारीख के बीच वेतन का भुगतान किया जाए।कर्मचारियों के मुताबिक, पिछले एक साल से वेतन से जीपीएफ और ईपीएफ की राशि काटी जा रही है, लेकिन संबंधित खातों में जमा नहीं हुई है। उन्होंने काटी गई राशि जल्द खातों में जमा कराने की मांग की।

टाइगर की दहशत: धबोटी मार्ग पर दिखा बाघ, जहांगीरपुरा में बकरी का किया शिकार, वन विभाग ने कराई मुनादी

गांवों तक पहुंचा टाइगर का खौफ, अब कौन सुरक्षित? बकरी का शिकार, सड़क पर दिखा बाघ, शाहगंज के बाद लगातार दूसरी घटना से बढ़ी चिंता

सीहोर। जिले के ग्रामीण और वन क्षेत्रों में हिंसक वन्य प्राणी की लगातार मौजूदगी ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। एक दिन पहले शाहगंज क्षेत्र में हाईवे पर टाइगर दिखाई देने की सूचना के बाद अब जहांगीरपुरा में बकरी के शिकार और धबोटी-धामनखेड़ा मार्ग पर टाइगर दिखाई देने की खबर सामने आई है। लगातार सामने आ रही घटनाओं के बाद वन विभाग ने प्रभावित गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत दी है।

बीती रात जहांगीरपुरा क्षेत्र में एक हिंसक वन्य प्राणी ने ग्रामीण के मवेशी पर हमला कर दिया। हमले में बकरी की मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल है। वन क्षेत्र से लगे इलाकों में लोगों को अब अकेले बाहर निकलने और जंगल की ओर जाने से बचने की सलाह दी जा रही है।



राहगीरों और शिक्षकों को विशेष सतर्कता की हिदायत : इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण और कर्मचारी आवागमन करते हैं। विशेष रूप से ड्यूटी पर जाने वाले शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों को रास्ते में सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। ग्रामीणों से कहा गया है कि सुनसान और वन क्षेत्र वाले रास्तों पर अनावश्यक रूप से रुकने या अकेले जाने से बचें।

धबोटी-धामनखेड़ा मार्ग पर फिर दिखा टाइगर



इसी बीच धबोटी से धामनखेड़ा जाने वाले मार्ग पर भी आज हिंसक वन्य प्राणी दिखाई देने की सूचना सामने आई है। क्षेत्र में इस संबंध में एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो को कोनाझिर और कालापहाड़ क्षेत्र का बताया जा रहा है। हालांकि वन्य प्राणी की पहचान और वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि वन विभाग द्वारा की जानी बाकी है।

फोटो-वीडियो बनाने की कोशिश न करें

वन विभाग ने ग्रामीणों को सबसे अहम चेतावनी वन्य प्राणी के नजदीक जाने को लेकर दी है। अधिकारियों ने कहा कि यदि कहीं हिंसक वन्य प्राणी दिखाई देता है तो लोग उसका फोटो या वीडियो बनाने के लिए उसके करीब जाने की गलती न करें। ऐसी स्थिति में वन्य प्राणी आक्रामक हो सकता है और मानव जीवन के लिए खतरा पैदा हो सकता है।

ग्रामीण अफवाहों से बचें, सूचना सीधे वन विभाग को दें

डिप्टी रेंजर विजय कसौटिया ने ग्रामीणों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा वन्य प्राणी दिखाई देने की स्थिति में तत्काल वन विभाग को सूचना दी जाए। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हर वीडियो या दावे को सच मानकर भय का माहौल बनाने से भी बचने की अपील की गई है।

शाहगंज के बाद लगातार दूसरी घटना से बढ़ी चिंता : उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले शाहगंज क्षेत्र में हाईवे पर टाइगर घूमता हुआ दिखाई देने की सूचना सामने आई थी। इसके बाद जहांगीरपुरा में बकरी के शिकार और धबोटी-धामनखेड़ा मार्ग पर फिर हिंसक वन्य प्राणी दिखाई देने की खबर ने ग्रामीण क्षेत्रों में चिंता बढ़ा दी है। लगातार घटनाओं के बीच वन विभाग की टीम क्षेत्र में निगरानी और ग्रामीणों को सतर्क करने में जुटी है।

वन विभाग ने मुनादी कर गांवों में बजाया अलर्ट



मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग की टीम प्रभावित क्षेत्रों में पहुंची और लाउडस्पीकर के माध्यम से ग्रामीणों को चेतावनी दी। मुनादी में स्पष्ट कहा गया कि वन क्षेत्र में हिंसक वन्य प्राणी की मौजूदगी की संभावना है। इसलिए कोई भी व्यक्ति अकेले जंगल की तरफ न जाए और अपने पालतू मवेशियों को भी चरने के लिए वन क्षेत्र में न भेजे।

24 घंटे निगरानी का दावा, ग्रामीणों से सहयोग की अपील : वन विभाग ने ग्रामीणों की सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए कहा है कि टीम लगातार स्थिति पर नजर रख रही है। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे सावधानी बरतें, जंगल और वन क्षेत्र में अकेले न जाएं, मवेशियों को जंगल में न भेजें और किसी भी वन्य प्राणी की मौजूदगी की सूचना तत्काल विभाग को दें।

अंतिम दौर में मानसून, जिले में 11 इंच कम बारिश, गेहूं-चना की बोवनी पर मंडराया संकट

'अफसरशाही' की सुस्ती, 60 प्रतिशत गांवों में अटका लघु सिंचाई योजना का काम, घटेगा रबी का रकबा !

जिले के छोटे जल स्त्रोतों (तालाब, कुएं, बोरवेल और स्टॉप डैम की सही तस्वीर साफ करने वाली सातवीं लघु सिंचाई सर्वे का काम कछुआ चाल से भी धीमा चल रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में आने वाले दिनों में जल संकट और सूखे के हालात बनने से इंकार नहीं किया जा सकता है। एक तरफ जहां मानसून की दगाबाजी के कारण इस साल जिले में 11 इंच कम बारिश हुई है, वहीं दूसरी तरफ जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही ने आग में घी डालने का काम किया है।

जिले के छोटे जल स्त्रोतों (तालाब, कुएं, बोरवेल और स्टॉप डैम की सही तस्वीर साफ करने वाली सातवीं लघु सिंचाई सर्वे का काम कछुआ चाल से भी धीमा चल रहा है। आलम यह है कि विदाई के मोड़ पर खड़े मानसून के बावजूद जिले के 60 प्रतिशत से अधिक गांवों में लघु सिंचाई का सर्वे अधूरा पड़ा है। अधिकारियों की इस नाकामी का सीधा खामियाजा जिले के उन हजारों किसानों को भुगतना पड़ेगा, जिनकी रबी सीजन की गेहूं और चने की फसलें पानी के अभाव में चौपट होने की कगार पर पहुंचेंगी।

1087 में से सिर्फ 441 गांवों में ही पूरा हो सका काम

लघु सिंचाई योजनाओं की मैपिंग और रिपोर्टिंग को लेकर प्रशासनिक दावों की हवा निकल चुकी है। आंकड़ों पर नजर डालें तो पूरे जिले के 1087 लक्षित गांवों में से अब तक मात्र 441 गांवों में ही सर्वे का काम पूरा हो पाया है। शेष 586 गांवों में काम आज भी प्रक्रियाधीन के नाम पर अटका हुआ है, 35 गांवों की फाइलें एसडीएम दफ्तरों की धूल फांक रही हैं और 60 गांवों में तो सर्वे का काम शुरू करने की फुर्सत तक अफसरों को नहीं मिली। यदि समय रहते यह डेटा पोर्टल पर दर्ज नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में न तो नए तालाब स्वीकृत होंगे, न पुराने जल स्त्रोतों के गहरीकरण के लिए बजट मिलेगा और न ही स्टॉप डैम की मरम्मत हो सकेगी।



जिला मुख्यालय सबसे बड़ा फिसड्डी, 304 में से केवल 16 सर्वे पूर्ण

प्रशासनिक नाकामी की सबसे शर्मनाक तस्वीर खुद जिला मुख्यालय सीहोर अनुभाग में देखने को मिल रही है, जहां कलेक्टर और तमाम बड़े अधिकारी बैठते हैं। सीहोर अनुभाग के कुल 304 गांवों में से अफसर और मैदानी अमला केवल 16 गांवों में ही सर्वे पूरा कर पाए हैं। यानी जिला मुख्यालय के 267 गांवों में काम अधर में लटका है और 21 गांवों में काम शुरू ही नहीं हुआ। इसके विपरीत दूरदराज के अनुभागों इछावर 114 गांव पूर्ण और भैरूंदा 136 गांव पूर्ण ने सीहोर के बड़े अफसरों को आईना दिखाने का काम किया है। जब जिला मुख्यालय की नाक के नीचे अफसर इतने लापरवाह हैं तो जिले के दूरदराज इलाकों की बदहाली का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

लापरवाही की कीमत चुकाएंगे किसान

कम बारिश के कारण पहले ही जिले के तालाब आधे खाली रह गए हैं और भूजल स्तर तेजी से पाताल में जा रहा है। ऐसे में रबी सीजन गेहूं-चना बोवनी के सिर पर आते ही किसानों को पानी की सख्त जरूरत होगी। लेकिन लघु सिंचाई सर्वे में देरी के कारण न तो जल संकट का सही आकलन हो पा रहा है और न ही नई राहत योजनाओं को मंजूरी मिल पा रही है। भले ही विभाग अब अक्टूबर के पहले सप्ताह में काम पूरा करने के दावे कर रहा हो, लेकिन कागजी दावों और मैदानी सुस्ती के बीच जिले का किसान खुद को असहाय महसूस कर रहा है।

11 इंच कम बरसे बादल, खाली पड़े जलस्त्रोत

लापरवाह सिस्टम के साथ-साथ कुदरत ने भी जिले के किसानों से मुंह मोड़ लिया है। दक्षिण-पश्चिम मानसून के अंतिम दिनों के साथ ही मौसम विभाग की 30 सितंबर की दैनिक रिपोर्ट में जिले के सभी 8 केंद्रों पर बारिश शून्य दर्ज की गई है। इस बार जिले में औसतन केवल 34.1 इंच ही बारिश हुई है, जो सामान्य बारिश 45.2 इंच से करीब 11.1 इंच कम है। जावर क्षेत्र सबसे सूखा रहा जहां मात्र 25.3 इंच बारिश दर्ज की गई। वहीं बुधनी 32.7 इंच और रेहटी 35.5 इंच में तो पिछले साल के मुकाबले आधी बारिश भी नहीं हुई है।

सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

वोट चोरी और मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के विरोध में सड़कों पर उतरी कांग्रेस, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को सीहोर में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में जिलेभर से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता कोतवाली चौराहे पर एकत्रित हुए और जिला निर्वाचन कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा करने तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की।

कोतवाली चौराहे से निकला पैदल मार्च: जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर कोतवाली चौराहे से जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर रवाना हुए। मार्च के दौरान कार्यकर्ताओं ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रहा। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनी।



राजीव गुजराती बोले: निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद हैं। कांग्रेस का आरोप है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए, ताकि किसी भी वास्तविक मतदाता का मतदान का अधिकार प्रभावित न हो।

सभी प्रकोष्ठों की दिखाई एकजुटता

प्रदर्शन में जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के अलावा युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, सेवादल, छात्र संगठन सहित पार्टी के विभिन्न विभागों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी से कांग्रेस संगठन की एकजुटता दिखाई दी।

कांग्रेस ने उठाईं प्रमुख मांगें

राजीव गुजराती ने उपस्थित पत्रकारगणों के माध्यम से मुख्य रूप से मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे, विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया से जुड़े विवादों की निष्पक्ष जांच तथा मतदाता सूची में जोड़े और हटाए गए नामों की पारदर्शी जांच की मांग की। जब तक मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा नहीं होता, कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। लोकतंत्र, मताधिकार और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस लगातार आवाज उठाती रहेगी। सीहोर जिले में भी जनहित के मुद्दों और भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारा संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन के अंत में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मतदाताओं के अधिकारों और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता से जुड़े मुद्दों को लेकर पार्टी आगे भी अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, जिला प्रभारी दिनेश मेघानी, पूर्व अध्यक्ष कैलाश परमार, पूर्व अध्यक्ष डॉ.बलवीर तोमर, एआईसी सदस्य हरपाल ठाकुर, विष्णु राठौर, महेश दयाल चौरसिया, ओम वर्मा, राजाराम बड़े भाई, कमल सिंह चौहान, गीता राठौर, गुलाब बाई ठाकुर, आरती खंगराले, ममता कीर, ओम बाबा राठौर, हरीश राठौर, सीताराम भारती, विवेक राठौर, रसीद चच्चा, सुनील दुबे, रमेश गुप्ता, राजेश भूरा यादव, अरूण राय, राकेश वर्मा, घनश्याम मीणा, मनोज पटेल, नरेन्द्र खंगराले, संतोष सिंह, निशांत वर्मा, घनश्याम जांगड़ा, जगदीश चौहान, धर्मेन्द्र ठाकुर, जाहिद गुड्डु, अरविन्द मेवाड़ा, अफीज चौधरी, संजय हवेली, सुनील गोलिया, गुड्डु पटेल, सुभाष पटेल, चन्दर मीणा, गिरवर चौहान, सोनू राजपूत, राजकुमार राठौर, आशीष गेहलोत, मजीद अंसारी, इरफान लाला, हसीन कुरैशी, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, हर्ष दीप राठौर, असरफ अली, कपिल गौर, विनीत गोयल, विनय चौहान उपस्थित रहे।

कौड़िया छीतू से बकतल सड़क को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने की मांग

कलेक्ट्रेट पहुंचकर ग्रामीणों ने की सड़क के लिए नारेबाजी

सीहोर। मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ग्रामीणों ने ग्राम कौड़िया छीतू से बकतल तक पहुंची सड़क को सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज करने की मांग की है। ग्रामवासियों ने बताया कि श्मशान घाट जाने के लिए गेलोद से बावखुल होते हुए मस्जिद के पास से बकतल की ओर जाने वाली सड़क कोडिया छीतू के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

तत्कालीन एसडीएम द्वारा यह रास्ता निकलवाया गया था। इस संबंध में ग्राम वासियों द्वारा पूर्व में भी तहसील कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किए जा चुका हैं। आज तक उक्त आवेदनों पर कोई उचित कार्रवाई अथवा सुनवाई नहीं की गई है।

यह रास्ता ग्रामवासियों के लिए विशेष रूप से श्मशान घाट जाने एवं अंतिम संस्कार के समय अत्यंत आवश्यक है। ग्राम वासियों ने उक्त रास्ते का राजस्व अधिकारियो से स्थल निरीक्षण कराकर, ग्राम कोड़िया छीतू से गेलोद बावखुल होते हुए मस्जिद के पास से बकतल जाने वाले रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में विधिवत दर्ज कराने की मांग की है।



ऐजेन्सी देना है। हरिभूमि
सिहोर जिले में ऐजेन्सी देना है ।
भैरूंदा (नसरूल्लागंज)
छीपानेर, सलकनपुर ,
लडकुई
पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर,
मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल
मो.: 8770833858, 9827743042

खबर संक्षेप

तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे

सीहोर। भैरूंदा जनपद पंचायत के वार्ड -16 के सदस्य पद के लिए हुए आज मतदान में 12 मतदान केंद्रों पर कुल 3973 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। जिसमें 2286 पुरुष मतदाता है तथा 1687 महिला मतदाता शामिल है। मतदान समाप्ति के उपरान्त 65.41 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इन सभी 12 मतदान केंद्र में मतदाताओं की संख्या 6074 है जिसमें से 3973 ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार मतदान केंद्र नंदगांव-151 में 307, मतदान केंद्र नंदगांव-152 में 431, मतदान केन्द्र सोयत-153 में 414, मतदान केन्द्र सोयत-154 में 249, मतदान केन्द्र सोयत-155 में 343, मतदान केन्द्र बोरघाटी-156 में 239, मतदान केन्द्र बोरघाटी-157 में 451, मतदान केन्द्र आगरा-158 में 383, मतदान केन्द्र आगरा-159 में 145, मतदान केन्द्र आगरा-160 में 394, मतदान केंद्र सतराना-252 में 324 तथा मतदान केन्द्र सतराना-253 में 293 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत के वार्ड-16 से जनपद सदस्य के लिए 3 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। अंजली यादव/ सुनिल यादव, मनीषा तथा सागर बाई ने चुनाव मैदान में थे।

विश्व हृदय दिवस पर जागरूकता अभियान आयोजित

सीहोर। विश्व हृदय दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय के एमएनसीयू एवं जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में जिला स्तरीय जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों में हृदय रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने, समय पर पहचान एवं उपचार के लिए विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के निर्देशन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड स्तरीय मोबाइल हेल्थ टीम द्वारा 8 विद्यालयों एवं 12 आंगनवाड़ी केंद्रों में विशेष जागरूकता अभियान एवं स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किए गए। अभियान के दौरान कुल 932 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्क्रीनिंग के दौरान 2 बच्चों में संदिग्ध हृदय रोग की पहचान की गई। वहीं पूर्व में हृदय रोग का ऑपरेशन करा चुके 2 बच्चों का फॉलोअप किया गया तथा आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण एवं काउंसलिंग भी की गई। अभियान के दौरान 3 गंभीर हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को भोपाल में आयोजित विशेष चिकित्सा कैंप हेतु रेफर किया गया, ताकि उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभिभावकों, शिक्षकों एवं समुदाय के लोगों से अपील की गई कि बच्चों में हृदय रोग के प्रारंभिक लक्षणों के प्रति जागरूक रहें तथा समय पर स्वास्थ्य जांच एवं उपचार सुनिश्चित कराएं।

संकल्प वृद्ध आश्रम में आज मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस, 100 से अधिक बुजुर्गों का होगा सम्मान

महिलाएं समाज की रीढ़ की हड्डी हैं, बेटियों को पढ़ाएं और आगे बढ़ने के अवसर दें : मंजू शैलेष अग्रवाल

मंजु शैलेष अग्रवाल ने कहा कि हर क्षेत्र में केवल पुरुषों को ही प्राथमिकता क्यों दी जाए? नारी को भी वह सम्मान और अवसर मिलना चाहिए जिसकी वह हकदार है। समय तेजी से बदल रहा है और बेटियां तथा महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता साबित कर रही हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



समाज की मजबूती और प्रगति में महिलाओं के साथ-साथ बुजुर्गों की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण है। बुजुर्ग अपने अनुभवों से नई पीढ़ी को जीवन की राह दिखाते हैं, वहीं महिलाएं परिवार और समाज को मजबूत आधार प्रदान करती हैं। इसी भावना को लेकर शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में आयोजित सात दिवसीय संकल्प पीढ़ी संवाद-अनुभव से भविष्य की ओर महोत्सव के अंतिम दिन अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू शैलेष अग्रवाल ने महिलाओं की भूमिका और बुजुर्गों के सम्मान पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ की हड्डी हैं। महिलाओं के बिना समाज और संसार अधूरा है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं। उन्होंने उपस्थित बच्चों से कहा कि बेटियां पढ़ेंगी तो आगे बढ़ेंगी, इसलिए सभी को अपनी बेटियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

अग्रवाल ने कहा कि हर क्षेत्र में केवल पुरुषों को ही प्राथमिकता क्यों दी जाए? नारी को भी वह सम्मान और अवसर मिलना चाहिए जिसकी वह हकदार है। समय तेजी से बदल रहा है और बेटियां तथा महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता साबित कर रही हैं। नारी अब नारायणी है, वह ठान ले तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

स्वागत के साथ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ

बुधवार को सात दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम चरण में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती मंजू शैलेष अग्रवाल, राजकुमारी पालीवाल, ममता पितालिया तथा बचपन प्ले स्कूल की प्राचार्य सोना सिसोदिया का संकल्प वृद्धाश्रम केन्द्र के संचालक राहुल सिंह एवं सामाजिक न्याय विभाग की ओर से सावन, कृपाल चौधरी सहित अन्य लोगों ने स्वागत किया। इस अवसर पर श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि सात दिवसीय संकल्प पीढ़ी संवाद का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों और युवाओं के बीच संवाद स्थापित करना, आपसी अपनापन बढ़ाना, अनुभवों का आदान-प्रदान करना तथा पारिवारिक एवं सामाजिक जुड़ाव को मजबूत करना है।

कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न पीढ़ियों के बीच पारस्परिक सहयोग और सम्मान की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया। उन्होंने बताया कि महोत्सव में शहर के अनेक सामाजिक संगठनों के सदस्यों के साथ शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी सक्रिय सहभागिता की। अलग-अलग दिनों में संवाद, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से बुजुर्गों और नई पीढ़ी को एक मंच पर लाया गया।

माता-पिता और बुजुर्ग सबसे अच्छे मार्गदर्शकः कार्यक्रम के दौरान श्रीमती मंजू शैलेष अग्रवाल एवं राजकुमारी पालीवाल ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि माता-पिता हमारे सबसे अच्छे मार्गदर्शक होते हैं। नई पीढ़ी को अपने माता-पिता और बुजुर्गों के अनुभवों को सुनना चाहिए, उनका सम्मान करना चाहिए और उनके साथ पर्याप्त समय बिताना चाहिए। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग केवल परिवार के वरिष्ठ सदस्य नहीं, बल्कि अनुभव और ज्ञान की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव देखे होते हैं, इसलिए उनके अनुभव नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन का काम करते हैं। जिस परिवार और समाज में बड़े-बुजुर्गों का सम्मान होता है, वहां आपसी प्रेम, संस्कार और सामाजिक जुड़ाव मजबूत होता है।

जिन्होंने 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है, उन्हें नकद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा

संकल्प वृद्धाश्रम केन्द्र के संचालक राहुल सिंह ने बताया कि गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय विभाग एवं संकल्प वृद्धाश्रम के तत्वावधान में 100 से अधिक वृद्धजनों का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में ऐसे वृद्धजन, जिन्होंने 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है, उन्हें नकद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही वृद्धजनों के लिए आश्रम में भोजन-प्रसादी की व्यवस्था भी की गई है। सात दिवसीय संकल्प पीढ़ी संवाद के माध्यम से जहां बुजुर्गों के अनुभवों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया गया, वहीं बच्चों और युवाओं में वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान, अपनत्व और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का संदेश दिया गया। समापन के बाद भी पीढ़ियों के बीच यह संवाद निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया जाएगा।

30 लाख की लागत से वार्ड क्रमांक 7 के तीन स्कूलों में होंगे विकास कार्य

सीहोर। नगर पालिका द्वारा शहर के वार्ड क्रमांक 7 में शिक्षा संस्थानों के विकास और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। वार्ड क्रमांक 7 स्थित तीन स्कूलों में लगभग 30 लाख रुपए की लागत से बाउंड्री वॉल, पेवर ब्लॉक एवं शौचालय निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे। इन विकास कार्यों का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा विधिवत किया गया।



इन कार्यों का लाभ अभ्यास स्कूल मुरली रोड, प्राइमरी स्कूल मुरली एवं बीआरसी मुरली रोड के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को मिलेगा। विकास कार्य पूर्ण होने के बाद स्कूल परिसरों में मूलभूत सुविधाओं में विस्तार होगा और विद्यार्थियों के लिए बेहतर एवं सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण तैयार होगा।

भूमि पूजन के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा जी ने कहा कि नगर पालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 7 के तीनों स्कूलों में लगभग 30 लाख रुपए की लागत से कराए जा रहे विकास कार्य सराहनीय पहल हैं। स्कूलों में बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होने से विद्यार्थियों और शिक्षकों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। बाउंड्री वॉल, पेवर ब्लॉक एवं शौचालय निर्माण से विद्यालय परिसर अधिक व्यवस्थित और सुविधाजनक होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा और विद्यार्थियों से जुड़े विकास कार्य समाज के भविष्य को मजबूत करने का कार्य करते हैं, इसलिए ऐसे कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाना चाहिए। भूमि पूजन के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के विकास के साथ-साथ शिक्षा संस्थानों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना भी हमारी प्राथमिकता है। स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिले, इसके लिए लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। वार्ड क्रमांक 7 के इन तीनों स्कूलों में बाउंड्री वॉल, पेवर ब्लॉक और शौचालय सहित आवश्यक कार्यों से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सुविधाएं मिलेंगी। आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में आवश्यकता के अनुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि शहर का कोई भी क्षेत्र विकास से अछूता न रहे। विशेष रूप से बच्चों और युवाओं से जुड़े संस्थानों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए नगर पालिका निरंतर कार्य कर रही है।

भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद प्रतिनिधि विजेंद्र परमार जी, उपाध्यक्ष विपिन शास्ता जी, अजय पाल राजपूत, राजेश माझी, लोकेंद्र वर्मा, कमलेश राठौर, मुकेश मेवाड़ा, संतोष शाक्य, मंडल अध्यक्ष सुशील ताम्रकार कपिल कुशवाहा, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर विजय कोहली मुस्कान आदि सहित विद्यालयों के शिक्षकगण एवं वार्ड क्रमांक 7 के रहवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

जिला स्तरीय समन्वय समिति का गठन

सीहोर। भारत सरकार की नागरिक-उन्मुख पहल 'रिफॉर्म उत्सव' के अंतर्गत नागरिकों से प्राप्त प्रणालीगत सुधार संबंधी सुझावों के प्रभावी संकलन तथा जिले में नागरिक सहभागिता एवं जन-जागरूकता गतिविधियों के समन्वय के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरू के. की अध्यक्षता में गठित समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, मुख्य नगर पालिका परिषद, जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र को सदस्य-संयोजक बनाया गया है।

आपका स्नेह प्रेम आशीर्वाद बना रहे आपकी सेवा के लिए हमेशा रहूंगा तत्पर : गौरव सन्नी महाजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय जननेता गौरव सन्नी महाजन का जन्म दिवस बुधवार को हजारों भाजपा कार्यकर्ताओ समर्थको नागरिको के द्वारा हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।

भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन के जन्म दिवस के उपलक्ष में महाजन मित्र मंडली के द्वारा पीडब्ल्यूडी ऑफिस के सामने सौभाग्य पैलेस में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पर वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन के हजारों समर्थको ने उन्हें जन्मदिवस की बधाई शुभकामनाएं दी ।

वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन सबसे पहले सुबह भगवान का आशीर्वाद लेने मंदिर पहुंचे। इसके बाद अपनी माता श्री के उन्होंने चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने परिजनों के साथ जन्मदिन सेलिब्रेट किया। वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन सौभाग्य पैलेस में सुबह से लेकर शाम उपस्थित रहे और उन्होंने अपने शुभचिंता को से बधाई शुभकामनाएं स्वीकार की। मंगलवार की रात मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा, निगम अध्यक्ष रवि मालवीय, विधायक सुदेश राय, बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव, आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, सीहोर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने मोबाइल के माध्यम से लोकप्रिय नेता गौरव सन्नी महाजन को जन्म दिवस की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दी। तो वहीं अनेक वरिष्ठ भाजपा नेता सौभाग्य पैलेस मैरिज गार्डन भी पहुंचे और यहां पर श्री महाजन को फूल मलाई गुलदस्ता पहन कर देकर जन्म दिवस की बधाई शुभकामनाएं दी।विभिन्न कृषि कार्यों के चलते कार्यक्रम में आने में असमर्थ रहे सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं और हजारों समर्थकों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक व्हाट्सप ट्विटर इंस्टाग्राम के माध्यम से भी लोकप्रिय जन नेता गौरव सन्नी महाजन को जन्मदिवस के बधाई शुभकामनाएं दी।

वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन ने सौभाग्य पैलेस मैरिज गार्डन में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान महाकाल से बस यही कृपा है कि आपका प्रेम स्नेह है इसी प्रकार बना रहे आपकी सेवा के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगा। सौभाग्य पैलेस मैरिज गार्डन में आयोजित जन्म दिवस कार्यक्रम में शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के दस हजार से अधिक नागरिक सम्मिलित हुए।

एचआईवी एड्स रोकथाम और उपचार सेवाओं को प्रभावी बनाने बैठक आयोजित



सीहोर। जिले में एचआईवी/एड्स की रोकथाम, जांच एवं उपचार सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय सीहोर में एमएएस मिशन एवं एचआईवी /एड्स सुरक्षा के संबंध में बैठक आयोजित की गई। सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि बैठक में एचआईवी /एड्स की रोकथाम, समय पर एचआईवी जांच, संक्रमित व्यक्तियों को उपचार सेवाओं से जोड़ने तथा उपचार की निरंतरता सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही जिले में एचआईवी /एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान लक्ष्य की प्राप्ति पर विशेष जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता डॉ. जे.डी. कोरी ने की। जिला विजिट ऑफिसर डॉ. राधिका गुप्ता, उप संचालक डॉ. नेहा, डीएमडीओ एवं राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल की स्वाती गुप्ता ने एनएसीपी एवं एनएचएम स्टाफ को 95-95-95 लक्ष्य एवं एचआईवी /एड्स सुरक्षा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में लक्षित समूहों तक आवश्यक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने, समय पर एचआईवी जांच कराने तथा एचआईवी पॉजिटिव पाए गए व्यक्तियों को उपचार सेवाओं से जोड़कर उपचार की निरंतरता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में एनएसीपी एवं एनएचएम के संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

अरुणा राय ने किया आरती और दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ

बैच बनाकर राजस्थानी व गुजराती विधा से प्रतिभागियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



लोकतंत्र के चौथे स्तंभ ससम्मानीय पत्रकारों का मंगलवार की शाम आवासीय खेलकूद संस्थान मल्टीपरपज हॉल में शॉल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंटकर पुष्प मालाए पहनाकर आत्मीयता से सम्मान कर अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच गौरान्वित हो गया। क्रिसेंट गरबा महोत्सव में प्रशिक्षण ले रही माता बहने बालिकाओं ने शुभ अवसर पर अपनी सामूहिक नृत्य कला का प्रदर्शन भी किया।

सम्मान समारोह का शुभारंभ माता आदिशक्ति दुर्गा भवानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर विधायक सुदेश राय और समाजसेविका अरुणा राय द्वारा किया गया। शहर के पत्रकारों ने जहां शिरकत कर क्रिसेंट गरबा महोत्सव प्रशिक्षण कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई वही पत्रकारों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन भी किया। अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच क्रिसेंट गरबा महोत्सव में शहर सहित आसपास की ग्रामीण अंचल की दो हजार से अधिक बालिकाओं माता बहनों को दिए जा रहे निशुल्क गरबा प्रशिक्षण की सम्मानीय पत्रकारों के द्वारा हृदय से प्रशंसा की गई। सम्मान समारोह के दौरान विधायक सुदेश राय और समाजसेविका अरुणा ने कहा कि राय परिवार के द्वारा आयोजित सभी जनहितैषी धार्मिक सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियों कार्यक्रमों में पत्रकार साथियों का महत्वपूर्ण सहयोग हमेशा मिलता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के बिना सहयोग के कोई भी कार्यक्रम संपूर्ण नहीं होता है। पत्रकार हमारा मार्गदर्शन करते हैं । आज हम सम्मानीय पत्रकारों का सम्मान कर गौरांवित हो रहे हैं हमारा सौभाग्य है कि क्रिसेंट गरबा महोत्सव प्रशिक्षण में पत्रकार सम्मिलित हुए हैं और उन्होंने बालिकाओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया है। पत्रकारों की सम्मानीय उपस्थित हमारे लिए प्रेरणा एवं सौभाग्य का विषय हैं।

उल्लेखनीय है कि अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच क्रिसेंट गरबा महोत्सव प्रशिक्षण मैं प्रतिदिन अलग-अलग 1 घंटे के बैच में बालिकाओं गरबा की राजस्थानी गुजराती विधा प्रशिक्षकों के द्वारा सिखाई जा रही है। रिसेंट गरबा महोत्सव प्रशिक्षण कार्यक्रम शहर सहित पूरे जिले में लोकप्रिय हो गया है शहर के बाहर से भी गरबा सीखने के लिए आ रही है। अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच क्रिसेंट गरबा महोत्सव प्रशिक्षण पूर्ण रूप से निशुल्क बालिकाओं को प्रशिक्षण दे रहा है प्रतिदिन लगातार संख्या बढ़ रही है। आगामी 13 अक्टूबर को फाइनल कार्यक्रम रखा गया है। आगामी 14 15 16 को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जएगा। प्रतिभागियों को बाइक लैपटॉप मोबाइल सहित अन्य उपहार प्रदान किए जाएंगे।

सेवा संकल्प अभियानः आंगन का उत्सव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान

सीहोर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में लोकसेवक के रूप में 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को भाजपा मंडल सलकनपुर द्वारा नगर रेहटी की कोलार आंगनबाड़ी में 'आंगन का उत्सव' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पोषण योजनाओं, मातृ-शिशु संरक्षण तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर संवाद किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम भाजपा मंडल सलकनपुर अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी के नेतृत्व एवं नगर परिषद रेहटी अध्यक्ष राजेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित पोषण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं संरक्षण तथा निर्धारित गतिविधियों की जानकारी साझा की गई। एवं फल वितरण किए गए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

पोषण, स्वास्थ्य, टीकाकरण और मातृ-शिशु संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में उनकी जिम्मेदारी अहम है। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र पटेल, अनार सिंह चौहान, रामनारायण साहू, मंडल अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी, एल्डरमैन विमल पंसारी, कुंवर सिंह पाल, भारत चौहान, मुकेश साहू, बलराम सिसोदिया, मीडिया प्रभारी संदीप, उपाध्यक्ष विनोद नागर, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता हरिनारायण चौहान, नप उपाध्यक्ष अर्चना राजीव शर्मा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सावित्री चौहान, तुलसा यादव, सुनीता यादव, हेमलता वंशकार, प्रियंका विश्वास, कुसुम ठाकुर, रीना विश्वकर्मा, मनोज राजपूत, सतीश लोवंशी, वीरेंद्र पाल, जतिन सोनी, प्रिंस नागर,भूपेंद्र नागर, सुपरवाइजर प्रियंका आर्मो सहित 15 आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं एवं आशा कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

न्यायालय नायब तहसीलदार उप. तहसील शाहगंज, वृत्त बकतरा, तहसील बुदनी, जिला सीहोर

::: उद्घोषणा :::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री देवेन्द्र सिंह सिसोदिया पिता महेन्द्र सिंह, शेलेन्द्र सिंह सिसोदिया पिता महेन्द्र सिंह दोनों निवासी ग्राम हिंगनासिर तहसील बुदनी जिला सीहोर द्वारा ग्राम हिंगनासिर स्थित भूमि सर्वे नम्बर 61 रकबा 2.5570 हे., 142/2 रकबा 4.7410 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में श्रीमति वैशाली परिहार पुत्री स्व0 श्री महेन्द्र सिंह, पत्नि आशीष सिंह के नाम पर दर्ज है जिसके भूमि स्वामी श्रीमति वैशाली परिहार पुत्री स्व. श्री महेन्द्र सिंह द्वारा दिनांक 21/10/2018 को उपरोक्त वर्णित भूमि वसीयतनामा आवेदक गण के पक्ष में निष्पादित किया गया है। प्रश्नगत भूमि खसरा नंबर 142/2 रकबा 4.7410 हे. में से 9 एकड़ भूमि शेलेन्द्र सिंह सिसोदिया को एवं सर्वे कमांक 61 रकबा 2.5570 अर्थात 6.39 एकड़ भूमि खसरा नंबर 142/2 में से रकबा 2.85 एकड़ सहित कुल 9.24 एकड़ भूमि देवेन्द्र सिंह सिसोदिया को वसीयत से प्रदान की गई है। वसीयतकर्ता श्रीमति वैशाली परिहार की मृत्यु दिनांक 30/03/2022 को हो गई है। आवेदक गण द्वारा वसीयत शुदा भूमि पर स्वयं के नाम नामांतरण स्वीकृत किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जिसका प्रकरण कमांक 0143/अ-6/2026-27 इस न्यायालय में पंजीबद्ध है। उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना जारी होने की दिनांक से 7 दिवस के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समय में आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर प्रश्नगत भूमि पर आवेदक गण के नाम नामांतरण स्वीकृत किये जाने का आदेश पारित कर दिया जावेगा। समय अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर इस न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

नायब तहसीलदार,
उप-तहसील शाहगंज, वृत्त बकतरा

आंगनबाड़ी केंद्र मोहनीपुरा में किया आयोजन, राज्यमंत्री पंवार हुए शामिल

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में पोषण स्वास्थ्य एवं सम्मान का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड परियोजना ब्यावरा अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र मोहनीपुरा में आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र मोहनीपुरा में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार व अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन मुख्य अतिथि राज्यमंत्री पंवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों को राज्यमंत्री पंवार द्वारा आंगन मिलन सेवा एवं सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों तथा योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई।

पोषण किट का वितरण एवं हितग्राहियों का सम्मान

कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पोषण किट वितरित कर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं लाड़ली बहना योजना की पात्र महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विभागीय कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की गई। इस दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र की पोषण वाटिका में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों को पोषण वाटिका के महत्व तथा स्थानीय स्तर पर पौष्टिक आहार की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए इसके संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रेरित किया गया।

बच्चों के लिए खेल एवं आनंदमयी गतिविधियां

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम को बच्चों के लिए आनंदमय एवं रोचक बनाने के उद्देश्य से विभिन्न खेल, मनोरंजन एवं आनंदमयी गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए खेल एवं गतिविधियों का आनंद लिया। कार्यक्रम के माध्यम से बब्बों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ आंगनबाड़ी केन्द्र को समुदाय से जोड़ने का संदेश भी दिया गया।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का किया आयोजन

कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अमले ने स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कार्यक्रम के माध्यम से पोषण, स्वास्थ्य, मातृ एवं शिशु देखभाल तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

टेट परीक्षा व ई-अटेंडेंस की विसंगतियां दूर करने समेत रखीं प्रमुख मांगें

शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर

मप्र शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने प्रदेश के शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं और शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन प्रस्तुत किया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर एवं प्रदेश महामंत्री राकेश गुप्ता तथा प्रतिनिधि मंडल में शामिल प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनोद कुमार पुनी, सह संगठन मंत्री राजीव शर्मा, प्रांतीय उपाध्यक्ष रामबरन सिंह सिकरवार एवं मीडिया सह प्रमुख रामचंद्र लोहार द्वारा प्रेषित इस ज्ञापन में राज्य सरकार से शिक्षकों, छात्रों और शिक्षा हित से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए शिक्षा विभाग को निर्देश जारी करने की मांग की गई है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गठित टास्क फोर्स की बैठक शीघ्र ही आहुत संस्कृत विषय की अनिवार्यता तथा योग विषय के अध्यापन कार्य की व्यवस्था का आग्रह किया। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा शीघ्र गठन की मांग की गई है। साथ ही बंद हो रहे प्राथमिक विद्यालयों में बालवाटिका प्रारंभ करने, कक्षा 9वीं से 12वीं तक त्रिभाषा सूत्र के तहत संस्कृत विषय को अनिवार्य करने तथा माध्यमिक से उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में योग शिक्षा का कालखण्ड निर्धारित करने का सुझाव दिया गया है। वर्ष 1998 से 2018 के बीच नियुक्त शिक्षकों को 1 जुलाई 2018 से नया संवर्ग मानकर संविलियन किए जाने से उनकी पुरानी वरिष्ठता समाप्त हो गई है। इससे लगभग डेढ़ से दो लाख शिक्षकों को सेवानिवृत्ति के समय पेंशन एवं ग्रेच्युटी में भारी नुकसान हो रहा है। संघ ने मांग की है कि प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना कर वरिष्ठता दी जाए। सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने की मांगरू भाजपा के चुनावी संकल्प पत्र के अनुरूप स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु भी उच्च शिक्षा एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की तर्ज पर 65 वर्ष करने की घोषणा इसी अक्टूबर माह में करने का अनुरोध किया गया है।

शॉटगन खेल में केनेथ ग्रैंडी का मंदसौर जिले से हुआ चयन



मंदसौर। मंदसौर के शॉटगन खिलाड़ी केनेथ ग्रैंडी पिता स्टैनली ग्रैंडी का मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित एमपी स्टेट शूटिंग अकादमी भोपाल में चयन हुआ। खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश द्वारा अयाजित टैलेंट सर्च में भाग ले कर केनेथ ग्रैंडी का भोपाल शूटिंग अकादमी में अपने प्रदर्शन के आधार पर चयन हुआ है। इस प्रतियोगिता में पूरे राज्य के खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिसमें मंदसौर के केनेथ ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया।

लाड़ी लोहाणा सिंधी पंचायत का 41वां राष्ट्रीय अधिवेशन मंदसौर में संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

लाड़ी लोहाणा सिंधी पंचायत का दो दिवसीय 41वां राष्ट्रीय अधिवेशन मंदसौर के रूद्राक्ष माहेश्वरी भवन में संपन्न हुआ। जिसमें देश भर से 3 हजार से अधिक लोगों ने सहभागिता की। अखिल भारतीय लाड़ी लोहाणा सिंधी पंचायत के कार्यवाहक अध्यक्ष रूपचंद सेवकानी की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, मंदसौर विधायक विपिन जैन, सुवासरा विधायक हरदीपसिंह डंग, पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया, कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेन्द्रसिंह गुर्जर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोरव अग्रवाल, पूर्व नपाध्यक्ष राम कोटवानी, नपा सभापति निर्मला नरेश चंदवानी, सिंधी जनरल पंचायत के पूर्व अयक्ष मोहन रामचंदानी सहित देशभर के अनेक शहरों से आए प्रतिनिधि, अधिवक्ता, न्यायविद, शिक्षाविद, प्रबुद्धजन, समाजसेवी, पदाधिकारीगण व नगर समाज के गणमान्य नागरिकजन की उपस्थिति में भगवान झूलेलाल एवं संत शिरोमणी लीलाशाहजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ हुआ। साथ ही समाज के बच्चों एवं महिला समिति द्वारा शादी तलाक पर प्रेरणादायक नाटक मंच पर प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय सम्मेलन में समाज के संगठनात्मक सनातन, शिक्षा, विकास, सामाजिक, समरसता एवं विधिक विषयों पर चिंतन व मंथन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पद हेतु हुए निर्वाचन में रूपचंद सेवकानी शेहरा गुजरात राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

आराधना भवन नई आबादी में विरल विजय म.सा. प्रतिदिन कर रहे शांत सुधारस का वाचन

मंदसौर। नई आबादी स्थित आराधना भवन में प्रतिदिन सुबह 9 से 10.15 बजे तक विरल विजय म.सा. आदि ठाणा 2 द्वारा उपाध्याय विनयविजयजी म.सा. द्वारा लिखित शांत सुधारस शास्त्र का वाचन व उसका भावार्थ श्रवण कराया जा रहा है। साध्वी शीलमाला श्रीजी म.सा. आदि कई साध्वियों व श्रावक-श्राविकाओं की पावन उपस्थिति में श्री विरलविजयजी म.सा. शांत सुधारस शास्त्र का वाचन कराते हुए उसका भावार्थ भी बता रहे हैं। इस रस को श्रवण करने प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं आ रहे हैं। मुनिराज विरल विजय म.सा. ने कल शांत सुधारस को श्रवण कराते हुए 12 भावनाओं (अध्याय) में से आश्रव व संवर के भेद बताये। आपने बुधवार को धर्मसभा में कहा कि उपाध्याय श्री विनय विजय ने आश्रव के 42 भेद बताये हैं। आश्रव का अर्थ है जीवन में पाप कर्म के आने का मार्ग अर्थात हमारे जीवन में 42 प्रकार से पाप कर्म का प्रवेश होता है। हम इन 42 प्रकार के आश्रव को समझना पड़ेगा तभी पाप कर्म से बच पायेंगे। यह 42 प्रकार के भेद को जो समझ जाते हैं वे जीवन में पाप कर्म से बच सकते हैं। आश्रव के 42 भेद में 5 हैं इन्द्रिय, 5 अनरत, 4 कषाय, 3 योग व 25 असत्य क्रियाये हैं। इनको समझे बिना हम पाप कर्म से नहीं बच सकते हैं। विरल विजय जी ने संवर के 57 भेद बताये हैं। इन 57 भेद में 5 समिति, 3 बुद्धि, 10 यतिधर्म, 12 भावना, 22 परिक्षय व 5 चरित्र हैं। जीवन में जो भी 57 प्रकार के संवर को समझ पाता है वह भव सागर रूपी संसार से अपनी नौका पार कर जाता है।

यूनिफॉर्म पाकर खिल उठे विद्यार्थियों के चेहरे, जागरूक रहने का संदेश दिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड द्वारा सेवा गतिविधि 'मिशन मुस्कान' के अंतर्गत लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जरूरतमंद विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म का वितरण किया गया। यूनिफॉर्म पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में भारतीय सेना के सूबेदार कुलदीप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं पूर्व प्राचार्य धर्मपाल सिंह देवड़ा एवं श चंद्र विनोद सिंह सेंगर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय सिंह पुरावत सहित विद्यालय स्टाफ ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

इस अवसर पर लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड के उपाध्यक्ष लायन राजेश आचार्य, सचिव लायन रितेश गर्ग, क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन संजय पारीख, पूर्व अध्यक्ष लायन दिनेश बाबानी, लायन विजय पलोड़, लायन विनोद उकावत, डॉ. कपिल जैन एवं डॉ. प्रियांशी जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों एवं लायंस क्लब सदस्यों ने विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म प्रदान की तथा उन्हें शिक्षा के साथ स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

अतिथियों और उपस्थितजनों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया

पाडल्यामाताजी में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

सारंगपुर। आंगन सेवा अभियान के तहत ग्राम पाडल्यामाताजी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशा कार्यकर्ताओं, बच्चों एवं मातृशक्ति के सम्मान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा कार्यकर्ताओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, पोषण एवं महिला-बाल विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।



कार्यक्रम प्रभारीएवं गुलावता मंडल महिला मोर्चा संयोजक संजना सिंह चौहान, ग्राम पंचायत सरपंच सुभाष चंद्र पाटीदार, मंडल महामंत्री रघुराज सिंह सोलंकी, मीडिया प्रभारी विष्णु नायक, आयुष चिकित्सक जीवन सिंह कलमोदिया, महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर भावना पुष्पद सहित शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने बच्चों एवं आंगनबाड़ी केंद्र की गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों और महिलाओं से जुड़ी सेवाओं का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं उपस्थितजनों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। पौधों की देखभाल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

जानबूझकर हंसते हुए पाप कर्म मत करो पाप कर्म होने पर प्रायश्चित करो : मुनिराज

मंदसौर। जीवन में हम कई बार जानबूझकर पाप कर्म करते हैं तथा पाप कर्म करने के बाद प्रसन्नता भी अनुभव करते हैं तथा अपनी पाप कर्म के किस्से दूसरों को हंसते-हंसते बताते हैं। ऐसा करना जैन धर्म व दर्शन में भयंकर पाप कर्म का बंध करने वाला माना गया है। आपके द्वारा जानबूझकर जीव हिंसा की गई है अर्थात किसी भी जीव को आपने अपनी प्रसन्नता के लिए पीड़ा पहुंचायी है उसकी हिंसा की है उस पापकर्म का फल भी भयंकर ही होगा। इसलिए जीवन में जानबूझकर प्रसन्नता पूर्वक किए जाने वाले पाप कर्म से बचो। उक्त उद्गार जैन संत मुनिराज प्रत्यक्षरत्न विजय म.सा. ने जीवागंज राजेन्द्र विलास में कहे। आपने बुधवार को यहाँ धर्मसभा में कहा कि हास्य मोहनी कर्म को जैन धर्म में नरक का द्वार माना गया है अर्थात जीवन में यदि अंजाने में पाप कर्म हो जाये तो उसका प्रायश्चित करो। पाप कर्म की क्षमायाचना करो लेकिन यदि आपने जानबूझकर किसी भी प्राणी की हिंसा की है और उसकी खुशी मनायी है तथा प्रायश्चित नहीं किया है तो उस पाप कर्म का फल अधिक भोगना पड़ेगा। प्रभु महावीर के परम भक्त राजा क्षणिक ने प्रभु से मिलने के पूर्व कई बार वन में जाकर पशु-पक्षियों का शिकार किया एक बार उसने एक ही तीर से गर्भवती हिरणी को मार दिया उसने एक साथ दो जीव की हिंसा की और उसने अपनी वीरता को कह-कह कर दूसरों को सुनाया। इस पाप कर्म के कारण राजा क्षणिक ने नरकगति का बंध किया बाद में राजा क्षणिक ने कई पुण्य कार्य भी किये लेकिन हिरण व गर्भस्थ प्राणी की मृत्यु के पाप के प्रभाव के कारण उसे नरकगति ही मिली। इसलिए जीवन में पाप कर्म करते समय विवेक रखो। जानबूझकर पाप कर्म का बंध मत करो यदि हो भी जाये तो उसका प्रायश्चित करो। धर्मसभा में पवित्ररत्न विजय म.सा. ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

महाविद्यालय में 'स्किल इन इंडिया' विषय पर व्याख्यान आयोजित

मंदसौर। शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर रायजादा ने बताया महाविद्यालय में स्किल इन इंडिया विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गयो। महाविद्यालय में छात्राओं के कौशल विकास एवं रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'स्किल इन इंडिया' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. भरत सिंह क्लेश ने छात्राओं को संबोधित किया।

डॉ. क्लेश ने व्याख्यान में कहा कि वर्तमान समय में केवल शैक्षणिक योग्यता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक ज्ञान, तकनीकी दक्षता, संचार कौशल, डिजिटल स्किल्स एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण भी आवश्यक हैं। उन्होंने स्किल इन इंडिया पहल के उद्देश्यों एवं युवाओं के लिए उपलब्ध कौशल विकास के अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप कौशल विकसित करने, नवीन तकनीकों को सीखने तथा स्वरोजगार एवं रोजगार के नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। व्याख्यान के दौरान छात्राओं ने कौशल विकास, प्रशिक्षण एवं रोजगार से संबंधित विभिन्न प्रश्न भी पूछे, जिनका डॉ. क्लेश ने विस्तारपूर्वक समाधान किया। इस अवसर लगभग 20 छात्राओं का पंजीयन किया गया।

प्रमोद जैन श्री आदिनाथ पोरवाल जैन श्वेताम्बर मंदिर तलेया विहार के अध्यक्ष बने



मंदसौर। नगर पालिका के पूर्व कार्यालय अधीक्षक प्रमोद जैन को तलेरा विहार स्थित श्री आदिनाथ पोरवाल जैन श्वेताम्बर मंदिर एवं धार्मिक संस्थान ट्रस्ट का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वे पूर्व में इस मंदिर ट्रस्ट में ट्रस्टी थे तथा लंबे समय से इस मंदिर की धार्मिक गतिविधियों में अग्रणी रूप से कार्य कर रहे थे। विगत दिनों यहां हुई मंदिर ट्रस्ट की बैठक में सर्वानुमति से यह निर्णय लिया गया। निर्वतमान अध्यक्ष निर्मल मच्छीरछक की अध्यक्षता व ट्रस्ट के सदस्यों की उपस्थिति में प्रमोद जैन भावगढ़वाला को यह जिम्मेदारी सौंपी गई।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व महिलाओं का सम्मान, आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित

भाजपा सरकार ने बेटियों को लाड़ली लक्ष्मी और बहनों को लाड़ली बहना बनाया : सविता तायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू हुए सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को वार्ड क्रमांक 9 और 10 पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा की पूर्व जिला मंत्री और इस अभियान की मंडल प्रभारी सविता तायल, भाजपा नेत्री पुष्पा मोहन पंवार,आशा शर्मा,पार्षद तारादेवी जाटव, रूचि बंडोने, वरिष्ठ पार्षद सुनीता विश्वकर्मा,मोना अवस्थी, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव,भाजपा वरिष्ठ नेता गोपाल जाटव,नपा पार्षद प्रतिनिधि इकबाल हुसैन युवा मोर्चा अध्यक्ष गिरराज लववंशी उपस्थित रहे।

इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका, पोषण सखी सहित दीदियों के साथ स्थानीय महिलाओं और बुजुर्गों महिलाओं को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित सभी महिलाओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। पूर्व जिला मंत्री तायल कहा कि केंद्र सरकार विकसित भारत के संकल्प के साथ जनकल्याण के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री का संदेश भी सभी बहनों को सुनाया गया और मध्य प्रदेश की सरकार डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में काम कर रही है। भाजपा सरकार ने प्रदेश की लाखों बेटियों को लाड़ली लक्ष्मी बनाया है और प्रदेश की करोड़ों बहनों को लाड़ली बहना योजना से जोड़ा है। हर महीने 1500 से रुपए बहनों को दिए जा रहे हैं। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अर्चना यादव, तनूजा चौरसिया, रीता जाटव, गुंजा कुशवाह, बबली जाटव, मेडम श्रीवास आंगनबाड़ी सुपरवाइजर सरोज पाटिल सहित अन्य बहनें उपस्थित रहीं।



खबर संक्षेप

आज लगेगा छप्पन भोग, गोवर्धन पूजन का बताया जाएगा महत्व

सीहोर। भगवान को छल-कपट पसंद नहीं है। जिसका मन निर्मल और भाव सच्चे होते हैं, उसकी पुकार भगवान तक शीघ्र पहुंचती है। भगवद्प्राप्ति के लिए जीव की योनि महत्वपूर्ण नहीं होती, उच्च योनि से लेकर निम्न योनि तक कोई भी जीव सच्ची भक्ति और समर्पण के माध्यम से भगवान को प्राप्त कर सकता है। यह बात शहर के बस स्टैंड के समीप स्थित गीता मानस भवन में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भागवत भूषण पंडित अरविंद व्यास ने कही। उन्होंने गजेंद्र मोक्ष का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि एक बार गजेंद्र नामक हाथी तालाब में स्नान कर रहा था, तभी एक ग्राह ने उसका पैर पकड़ लिया। गजेंद्र ने काफी प्रयास किया और आसपास मौजूद जीवों से सहायता की पुकार लगाई, लेकिन जब कोई उसकी सहायता नहीं कर सका तो उसने स्वयं को भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया। उसकी सच्ची पुकार और समर्पण पर भगवान ने उसकी रक्षा की। इस प्रसंग से स्पष्ट होता है कि भगवान की प्राप्ति के लिए केवल सच्ची भावना और पूर्ण समर्पण आवश्यक है। कथा के दौरान पंडित व्यास ने समुद्र मंथन का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि समुद्र मंथन में एक ओर देवता और दूसरी ओर राक्षस थे। मंथन के दौरान भगवान ने मोहिनी अवतार धारण कर देवताओं को अमृत पान कराया। इसके साथ ही उन्होंने भगवान वामन अवतार की कथा भी सुनाई। उन्होंने बताया कि भगवान वामन ने राजा बलि से संकल्प कराकर तीन पग भूमि दान में मांगी।

वीडियो बनाने के शक में युवक से मारपीट, सदमे में युवक ने की आत्महत्या

समिति ने 9 दिन तक मोबाइल अपने पास रखा, पुलिस को नहीं मिला कोई वीडियो!

जैन मंदिर में महिलाओं के वीडियो बनाने के शक में युवक से मारपीट, सदमे में युवक ने की थी आत्महत्या, दिगंबर जैन पंचायत समिति पर गंभीर लगे आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पार्वती थाना अंतर्गत ग्राम छापरी के 30 वर्षीय युवक विश्राम मेवाड़ा की जहरीले पदार्थ से हुई मौत के मामले में परतें खुलने लगी हैं। मामला मंदिर में मारपीट और अपमान से जुड़ता दिख रहा है। 19 सितंबर को विश्राम पिता मेहरबान सिंह ने जहरीला पदार्थ खा लिया था, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

पिता ने दिया आवेदन, जांच की मांग

मृतक के पिता मेहरबान सिंह ने 28 सितंबर को पार्वती थाने में आवेदन देकर बताया कि उनका बेटा आष्टा के बुधवारा स्थित वस्त्रम वस्त्रालय पर 4 साल से काम करता था। 19 सितंबर को दुकान से लौटकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। पिता ने आवेदन में कहा कि घटना के दिन से बेटे का मोबाइल गायब था, जिसमें महत्वपूर्ण सबूत हो सकते हैं। परिजनों ने किला स्थित दिगंबर जैन मंदिर के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

समिति ने दिया था लेटरपैड और मोबाइल

दिगंबर जैन पंचायत समिति के महामंत्री कैलाश जैन के हस्ताक्षर से आष्टा थाने में एक लेटरपैड दिया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि विश्राम मंदिर में महिलाओं के चोरी-छिपे वीडियो बना रहा था। समिति ने मोबाइल की जांच की मांग की थी। आष्टा पुलिस के अनुसार मोबाइल में ऐसा कोई वीडियो या फोटो नहीं मिला था, जिसके बाद मोबाइल समिति को सौंप दिया गया था।

दुकानदार का बयान, मारपीट की पुष्टि

मृतक जिस दुकान पर काम करता था, उसके संचालक श्रेयस जैन ने बताया कि विश्राम 4-5 साल से भरोसेमंद कर्मचारी था। 18 सितंबर को विश्राम अपने पिता को लेकर किला मंदिर गया था। वहां महिलाओं के वीडियो बनाने के शक में उसे पकड़कर मारपीट की गई और मोबाइल छीनकर चेक किया गया, लेकिन कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। बाद में उसे दुकान ले जाया गया। संचालक के अनुसार रात में समाज की बैठक हुई और मोबाइल मांगा गया। 19 सितंबर को सुबह विश्राम दुकान पर आया तो समिति के सदस्य उसका मोबाइल ले गए। इसके बाद से मोबाइल का पता नहीं चला।

समिति की भूमिका पर सवाल

आरोप है कि 18 सितंबर की मारपीट और अपमान के बाद ही विश्राम ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। आत्महत्या के बाद भी मोबाइल और मारपीट की जानकारी 10 दिन तक पुलिस से छिपाए रखने से दिगंबर जैन पंचायत समिति की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है।



मृतक युवक

क्या बोले जिम्मेदार

एसडीओपी दामोदर गुप्ता ने कहा कि मर्ग कायम कर पिता के बयान लिए गए हैं। हर बिंदु पर निष्पक्ष जांच कर आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जाएगा और दोषियों पर कार्रवाई होगी। थाना प्रभारी पार्वती हरिसिंह परमार ने बताया कि मंदिर के सीसीटीवी फुटेज निकाले गए हैं। मृतक का मोबाइल बुधवार को दिगंबर जैन समाज के महामंत्री ने जमा कराया है, जिसे जांच के लिए साइबर सेल भेजा जाएगा। वही मामले को लेकर समिति का पक्ष है कि विश्राम महिलाओं के वीडियो बना रहा था, इसलिए केवल मोबाइल लिया गया था, मारपीट जैसी कोई घटना नहीं हुई।

15 व 16 अक्टूबर को होगा ढोली थारो गरबा रास का आयोजन

अध्यक्ष उपाध्यक्ष की हुई नियुक्ति



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नवरात्री का पर्व समीप आते ही नगर मे गरबा रास प्रतियोगिता का आयोजन का सिलसिला प्रारम्भ हो गया है। लगातार 6 वर्ष से ढोली थारो गरबा रास 6.0 समिति का आयोजन भगवती पैलेस में 15 और 16 अक्टूबर को आयोजित किया गया है। उक्त गरबा प्रतियोगिता को व्यवस्थित करने के लिए समिति का गठन किया गया।

जिसमे मोना जी मेवाड़ा को अध्यक्ष तथा धर्मेंद्र सिंह जी दरबार को उपाध्यक्ष चुना गया । ढोली थारो गरबा रास 6.0 समिति के गठन के पश्चात स्वागत एवं सम्मान वेन्यू पार्टनर भगवती पैलेस में किया गया। अध्यक्ष मोना मेवाड़ा, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह दरबार ने इस अवसर पर कहा की धार्मिक परंपरा को बनाए रखने के लिए इस प्रकार के आयोजन समिति द्वारा बीते 6 वर्षों में भी किये गए और इस वर्ष भी आयोजन सभी के सहयोग से व्यवस्थीत रूप से संपन्न कराया जायगा। इस अवसर पर आयोजन समिति के अंकुश सोनी, विनय वर्मा, अंशु कुशवाहा, रितिक धवल, गौतम शर्मा, जयदीप माहेश्वरी, अंकुर खंडेलवाल, बलवीर ठाकुर, बाबू राठौर, शिवम सोनी,कुलदीप ठाकुर, भूपेंद्र ठाकुर, योगेंद्र ठाकुर, लोकेन्द्र ठाकुर, विकास जैन, सुजल खत्री, आर्यन यादव, शिवम भटनागर आदि सम्मिलित थे।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज आष्टा नगर के वार्ड 14 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिधि भी सम्मिलित हुए ।कार्यक्रम के दौरान विधायक द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सक्षम आंगनवाड़ी के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई टीवी, आर.ओ., खिलौने एवं अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया कि आष्टा क्षेत्र के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए व्यवस्थित कार्ययोजना तैयार कर उन्हें अवगत करवाएं।विधायक ने आंगनवाड़ी केंद्र में पोषण अभियान के अंतर्गत लगाई गई पोषक तत्वों एवं पोषण संबंधी प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा बच्चों एवं महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली।आंगनवाड़ी केंद्रों को शिक्षा के प्रभावी केंद्र बनाये जाये-विधायककार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं उनके 25 वर्षों के सार्वजनिक सेवा काल के अवसर पर उनके प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ियों में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बच्चों तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तक शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

समस्याओं को लेकर सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मप्र सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ (जिला इकाई सीहोर) के तत्वावधान में पीडीएस (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) दुकानों के विक्रेताओं व कर्मचारियों की व्यावहारिक समस्याओं के निराकरण हेतु जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा गया।महासंघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि राशन वितरण के दौरान विक्रेताओं को कई तकनीकी और व्यावहारिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

वितरण, भंडारण और परिवहन के दौरान अनाज में स्वाभाविक घटती और क्षरण होता है, जिससे प्रति क्विंटल लगभग 2 से 5 किलो तक का नुकसान विक्रेताओं को उठाना पड़ता है। इसके बावजूद जांच के दौरान अधिकारियों द्वारा बिना जमीनी परिस्थितियों को समझे सीधे दंडात्मक कार्रवाई की जाती है। प्रमुख मांगें अनाज वितरण व भंडारण में 2 प्रतिशत तक की स्वाभाविक घटती/क्षरण को नीतिगत छूट दी जाए। वेयरहाउस से मिलने वाली बोरियों के सटीक वजन की गारंटी दी जाए। नेटवर्क, POS मशीन व बिजली की समस्या के समाधान हेतु नोडल तकनीकी टीम का गठन हो। विक्रेताओं पर सीधे दंडात्मक कार्रवाई रोककर पहले निष्पक्ष जांच की जाए। विक्रेताओं को न्यूनतम वेतन कलेक्टर दर 3000 अतिरिक्त प्रदान किया जाए। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी व्यावहारिक मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं किया गया, तो राशन वितरण व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

विधायक ने जनसुनवाई में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनसुनवाई में आए अन्य कई गांव के ग्रामीण जनों की वन टू वन मिल कर समस्याओं को सुना। कार्यालय में उपस्तिथ रह कर विधायक ने जनता की समस्याओं को सुना व उनकी समस्याओं को हल करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। बड़ी संख्या में क्षेत्र से नागरिक जनसुनवाई में पहुचे एवं अपनी अपनी पीड़ा से विधायक को अवगत कराया एवं आवेदन दिये।

जनता से प्राप्त आवेदनों पर विधायक ने कहा की आपका जन सेवक होने के नाते आपकी समस्याओं को सुनना, हल करना मेरा धर्म है।



आज आये आवेदनों को तत्काल सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर ग्रामीणों की समस्याओं का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में ग्राम पिपलिया सलारसी के आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने,कृषि भूमि पर जाने वाले शासकीय रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराने,प्रधानमंत्री आवास नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जिनके पास प्लॉट नहीं है उन्हें योजना का लाभ उपलब्ध कराने,बी.पी.एल. कार्ड बनवाने, पगारिया राम में सार्वजनिक कार्य हेतु टिन शेड निर्माण कराने,रोजगार प्रदाय कराने, स्वैच्छिक स्थानान्तरण हेतु आवेदन, विद्युत विभाग बागेर में पदस्थ कर्मचारियों का कार्यव्यवहार उचित नहीं होने संबंधी शिकायत, जावर दुकान में चोरी होने पर पुलिस से कार्यवाही कराने,लाड़ली बहना योजना का लाभ प्रदाय कराने,ग्राम धरमपुरी में काबिज वनभूमि के पट्टा प्रदाय कराने,नगरीय क्षेत्र आष्टा में प्रधानमंत्री आवास की द्वितीय किस्त प्रदाय कराने, वफापुर ढाकनी में विद्युत कटोती बंद कराने सहित अन्य आवेदन प्राप्त किए।

स्वच्छता ही सेवा और सेवा संकल्प अभियानः सफाई मित्रों का सिंगल विंडो स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



देशव्यापी स्वच्छता ही सेवा और 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित किए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर परिषद जावर द्वारा 30 सितंबर को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर में सफाई मित्रों के लिए एक विशेष सिंगल विंडो स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर का मुख्य उद्देश्य शहर को साफ-सुथरा रखने वाले स्वच्छता के अग्रदूतों के स्वास्थ्य की नियमित जांच करना और उन्हें एक ही छत के नीचे बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना था। इस गरिमामयी अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी सीएमओ हरीश सोनी, नगर परिषद अध्यक्ष मंजू वैद्य, अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य, स्वच्छता प्रभारी हेमंत परिहार और दरोगा रोहित चिंतामन विशेष रूप से उपस्थित रहे।शिविर के दौरान डॉक्टरों की टीम द्वारा सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से सभी सफाई मित्रों का सामान्य परीक्षण रक्तचाप बीपी और अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांचें एक ही स्थान पर की गईं इस महत्वपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में नगर परिषद स्टाफ, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा दल और नगर परिषद की सहयोगी संस्था एनवायरो वेस्ट सॉल्यूशन एंड सर्विसेज के सदस्यों ने अपनी सक्रिय और सराहनीय भूमिका निभाई।

करंट से बंदर की मौत, बजरंग दल ने किया विधि-विधान से अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



आरोलिया रोड पर रात्रि 9 बजे के करीब 11 केवि तार के चपेट में आने से एक वानर की मौत हो गई। वानर के साथ उसका एक छोटा सा बच्चा भी करंट की चपेट में आ गया जो बुरी तरह घायल हो गया। विश्व हिंदू विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर को जैसे ही इस घटना का पता चला तुरंत अपनी टीम के साथ उन्होंने उस बच्चे का रेस्क्यू किया साथ ही मृत वानर को विधि विधान से विदाई दी। उनके साथ विश्व हिंदू परिषद के ही भूपेंद्र सिंह ने वानर की उस बच्ची को गोदी में उठाकर बड़े प्रेम से घर ले जाकर उसके पालन पोषण का जिम्मा लिया। लखन सिंह और नगर परिषद जावर के दरोगा रोहित चिंतामण उनकी टीम ने वहां पर एक गड्ढा खोदकर लाल वस्त्र में लपेटकर नमक डालकर विधि विधान से मृत वानर का अंतिम संस्कार किया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड जावर के प्रखंड सह मंत्री शिव कुमार प्रजापति, बंसी सोलंकी, भूपेंद्र बागवान, जगदीश सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।विश्व हिंदू परिषद के इस कार्य की सभी ने प्रशंसा की।

सिविल अस्पताल में बढ़ी डायलिसिस सुविधा से मरीजों को मिल रही राहत

तीन साल में 5200 से अधिक डायलिसिस, बढ़ाई मशीनों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्थानीय सिविल अस्पताल में डायलिसिस की सुविधा लगातार बेहतर होने से किडनी रोग से पीड़ित मरीजों को बड़ी राहत मिल रही है। सिविल अस्पताल में जब से सर्जन डॉ. भूपेन्द्र परमार को डायलिसिस यूनिट की व्यवस्था एवं मार्गदर्शन की जिम्मेदारी सौंपी गई है, तब से यहां सुविधाओं में लगातार विस्तार हुआ है। डायलिसिस मशीनों की संख्या दो से बढ़कर छह हो गई है। बीते करीब तीन वर्षों में आष्टा सिविल अस्पताल में 5200 से अधिक डायलिसिस की जा चुकी हैं।

इस सुविधा का लाभ केवल आष्टा क्षेत्र के मरीज ही नहीं, बल्कि देवास जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से आने वाले मरीज भी उठा रहे हैं। बेहतर व्यवस्था और सेवाओं के कारण अब मरीजों को डायलिसिस के लिए दूर शहरों का रुख करने की आवश्यकता कम हुई है। आष्टा सिविल अस्पताल की डायलिसिस सेवा की एक खास बात यह भी है कि करीब 14 वर्षीय बालक अंकुर पिता अरविंद मंडलोई निवासी डाबरी का पिछले एक वर्ष से यहां नियमित डायलिसिस हो रहा है। बालक और उसके परिजन अस्पताल में मिल रही सुविधाओं एवं स्टाफ के सहयोग से संतुष्ट हैं। इसी खुशी और अस्पताल की सेवाओं के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए सोमवार सुबह अंकुर के पिता अरविंद मंडलोई सहित परिवार के सदस्यों ने सिविल अस्पताल पहुंचकर बीएमओ डॉ. अमित माथुर, डायलिसिस यूनिट प्रभारी डॉ. भूपेन्द्र परमार एवं यूनिट के स्टाफजन दीपक कुमार, फैजान बैग,सिस्टर आशा गोलियां का पुष्पहारों से स्वागत किया। परिजनों ने अस्पताल में मिल रही सराहनीय सेवाओं के लिए डॉक्टरों एवं स्टाफ का साधुवाद करते हुए मिठाई खिलाकर आभार व्यक्त किया।



इंदौर जाने से बचा समय और खर्च

अंकुर के पिता अरविंद मंडलोई ने बताया कि पहले बेटे की डायलिसिस के लिए इंदौर जाना पड़ता था। करीब तीन वर्षों तक इंदौर में डायलिसिस कराई गई, जिसमें प्रत्येक डायलिसिस पर लगभग दो से तीन हजार रुपये तक खर्च होते थे। इसके अलावा आने-जाने में समय और अतिरिक्त खर्च भी होता था। उन्होंने बताया कि अब आष्टा सिविल अस्पताल में ही डायलिसिस की अच्छी सुविधा मिल रही है। डॉ. भूपेन्द्र परमार के मार्गदर्शन और डायलिसिस यूनिट के स्टाफ के सहयोग से उपचार की प्रक्रिया सहज हुई है। स्थानीय स्तर पर यह सुविधा मिलने से परिवार को काफी राहत मिली है।

मरीजों का बढ़ा भरोसा

सिविल अस्पताल में डायलिसिस मशीनों की संख्या बढ़ने और नियमित व्यवस्था होने से क्षेत्र के मरीजों का सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति भरोसा भी बढ़ा है। तीन वर्षों में 5200 से अधिक डायलिसिस होना इस बात का संकेत है कि बड़ी संख्या में मरीज इस सुविधा का लाभ ले रहे हैं। डायलिसिस यूनिट में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के लिए नियमित उपचार के साथ सहयोगात्मक व्यवहार और बेहतर व्यवस्थाएं महत्वपूर्ण हैं। आष्टा में उपलब्ध इस सुविधा से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को भी स्थानीय स्तर पर उपचार मिल रहा है, जिससे उन्हें दूरस्थ शहरों की यात्रा से राहत मिल रही है। सिविल अस्पताल में डायलिसिस सुविधा के विस्तार और लगातार बढ़ती सेवाओं को क्षेत्र के मरीजों के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा के रूप में देखा जा रहा है।

विधानसभा क्षेत्र की चार सड़कों को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विधायक इंजीनियर के प्रयासों से मुख्यमंत्री मंजरा टोला सड़क योजना के तहत जिन सड़कों के प्रस्ताव शासन को भेजे गए थे। उनमें से चार सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। उनकी टेंडर प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर द्वारा दी गई जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री मंजरा टोला सड़क योजना के अंतर्गत लगभग 10 किमी की सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हुई। निर्माण के लिये 07 करोड़ 97 लाख 8 हजार स्वीकृत किये है। चारों सड़को के बनने से सभी ग्रामो के रहवासियों को 12 मासी सड़को की सुविधा प्राप्त होगी। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री मंजरा टोला सड़क योजना के तहत जिन ग्रामों को मुख्य मार्ग की सड़कों से जोड़े जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई उसमें बमुलिया भाटी रोड से पूरा तक 1.200 किमी, उमरधड रोड से बरखेड़ी सिद्धिकगंज वाया नयापुरा तक 3.300 किमी, अमलाह रानायल रोड से पटेल कॉलोनी भीलखेड़ी तक 2.300 किलोमीटर तक एवं कर्ली कला से नानजीपुरा तक 3.170 किलोमीटर तक की सड़क की स्वीकृति प्राप्त हुई है । इन चारों सड़कों के निर्माण पर 07 करोड़ 97 लाख 8 हजार खर्च होंगे। प्रस्तावित अन्य मुख्यमंत्री मंजरा टोला सड़क योजना के अंतर्गत की अन्य सड़को को भी जल्दी ही स्वीकृति प्राप्त हो के शासन स्तर पर प्रयास जारी है। विधायक ने इन चारों ग्रामों के नागरिकों को बधाई देते हुए शासन का आभार व्यक्त किया है कि उन्होंने विधानसभा क्षेत्र की मंजरा टोला सड़क योजना के तहत इन ग्रामों की सड़कों को मंजूरी दी।